उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर,
लखनऊ – 226010

सं0- 115 /08/कम्प्यूटर अनुभाग (बारह)/2024/04-परीक्षा/2024

लखनऊ : दिनांक : 24 दिसम्बर, 2024

आवश्यक सूचना

आयोग के विज्ञापन संख्या-04-परीक्षा/2024, कनिष्ठ विश्लेषक (खाद्य) मुख्य परीक्षा (प्रा०अ०प०-2023)/04 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उ०प्र०, लखनऊ के नियंत्रणाधीन कनिष्ठ विश्लेषक (खाद्य) के 417 पदों पर चयन हेतु भारत के नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गये थे।

तदनुक्रम में प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत आवेदन करने वाले समस्त अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि उक्त विज्ञापन के सापेक्ष अभ्यर्थियों की संख्या सीमित होने के दृष्टिगत मा० आयोग द्वारा प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (PET)-2023 के स्कोर में वास्तविक (Absolute) स्कोर अथवा नार्मलाइस्ड (Normalised) स्कोर में शून्य या उससे कम / नकारात्मक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को छोड़ते हुये, शेष समस्त 4746 अभ्यर्थियों को प्रश्नगत विज्ञापन की मुख्य परीक्षा में प्रतिभाग हेतु शार्टलिस्ट किये जाने की अनुमति प्रदान की गयी है।

उक्त के क्रम में समस्त अभ्यर्थियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि मुख्य परीक्षा हेतु शार्टलिस्ट किये गये अभ्यर्थियों का परिणाम आयोग की वेबसाइट upsssc.gov.in पर अपलोड कर दिया गया है। अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट के Homepage पर उपलब्ध उक्त परिणाम से सम्बन्धित लिंक पर जाकर वांछित प्रविष्टियां अंकित कर अपना परिणाम देख सकते हैं।

उपर्युक्त मुख्य परीक्षा हेतु शार्टलिस्ट किये गये अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा के लिए शुल्क जमा करने व परीक्षा की तिथि व कार्यक्रम के सम्बन्ध में वेबसाइट के माध्यम से यथासमय पृथक से सूचित किया जाएगा।

24/12/2024

(अवनीश सक्सेना)
सचिव।